पाक्षिक
# खबर आस पास
भारत सरकार से मान्यता प्राप्त समाचार पत्र
'जिस व्यक्ति ने कभी गलती नहीं की, उसने कभी कुछ नया करने की कोशिश नहीं की।'
संपादक :सत्येन्द्र राजवंशी मो. 9587570001 Email : khabaraaspass@gmail.com
वर्ष : 1 अंक : डिजिटल बीकानेर : सोमवार 29 जून 2026 पृष्ठ : 4 मूल्य : 1.00 रुपया

## राजस्थान सेट-2026 परीक्षा अब 13 सितंबर को होगी:पहली बार दो नए विषय जुड़े, अब कुल 37 सब्जेक्ट्स शामिल

**जयपुर कासं।** राजस्थान राज्य पात्रता परीक्षा (सेट-2026) अब 6 सितंबर के बजाय 13 सितंबर को आयोजित की जाएगी। शनिवार शाम को परीक्षा तिथि में बदलाव के आदेश जारी किए गए। इस साल परीक्षा कराने की जिम्मेदारी कोटा विश्वविद्यालय को मिली है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सीटेट परीक्षा को ध्यान में रखते हुए नई तिथि घोषित की है, ताकि अभ्यर्थियों को किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। परीक्षा करीब तीन साल बाद आयोजित की जा रही है।

**सीटेट परीक्षा को देखते हुए बदली परीक्षा तिथि**

कोटा विश्वविद्यालय प्रशासन ने परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव करते हुए सेट-2026 की नई तिथि 13 सितंबर घोषित की है। पहले यह परीक्षा 6 सितंबर को प्रस्तावित थी। विश्वविद्यालय ने सीटेट परीक्षा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया है, ताकि अभ्यर्थी दोनों परीक्षाओं में बिना किसी परेशानी के शामिल हो सकें।

**करीब तीन साल बाद हो रही है परीक्षा**

राजस्थान में यह परीक्षा करीब तीन साल बाद आयोजित की जा रही है। इससे पहले साल 2023 में गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय (जीजीटीयू) बांसवाड़ा ने परीक्षा करवाई थी। वहीं साल 2012 में राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) अजमेर ने परीक्षा आयोजित की थी। इससे पहले साल 2009 में भी आरपीएससी ने ही परीक्षा करवाई थी।

**पहली बार शामिल किए गए दो नए विषय**

इस साल सेट-2026 में जनसंचार एवं पत्रकारिता तथा संस्कृत (पारंपरिक) विषयों को पहली बार शामिल किया गया है। अब परीक्षा कुल 37 विषयों में आयोजित होगी। यह फैसला यूजीसी नेट के विषयों के अनुरूप लिया गया है।

इन दोनों विषयों को शामिल करने की मांग लंबे समय से की जा रही थी। विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है, जिससे अधिक अभ्यर्थियों को पात्रता परीक्षा देने का मौका मिलेगा और उच्च शिक्षा में उनके लिए नए अवसर खुलेंगे।

## मोदी बोले- भारत समुद्र से आकाश तक सुरक्षित : देश में 40 से ज्यादा सी-295 विमान बनाए जा रहे, योग में भारत ने 114 पदक जीते




**नई दिल्ली एजेन्सी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात के 135वें एपिसोड में कहा, 'भारत समुद्र से लेकर आसमान तक सुरक्षित है। इसी महीने डीआरडीओ ने स्वदेशी लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण किया।

पीएम मोदी ने कहा- जून के महीने में ही देश ने विमानन क्षेत्र में बड़ी सफलता हासिल की है। मेड इन इंडिया अभियान के तहत तैयार किए गए ष्ट-295 विमान ने अपनी पहली सफल उड़ान पूरी कर ली है। वर्तमान में ऐसे 40 विमान भारत में ही बनाए जा रहे हैं।

पीएम ने कहा कि इस बार दुनिया के 2500 से अधिक स्थानों पर योग के कई कार्यक्रम हुए। भारत ने अहमदाबाद में आयोजित 'विश्व योगासन चैम्पियनशिप' में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 114 मेडल जीते हैं। इनमें 102 गोल्ड मेडल भी शामिल हैं। भारत पदक तालिका में पहले स्थान पर रहा है।

### मन की बात में नॉर्थईस्ट के 3 राज्यों का जिक्र

शादी के लिए सोना रीसाइकल कर रहे लोग पीएम मोदी ने कहा कि मैंने बीते दिनों लोगों से कुछ समय तक सोना ना खरीदने, विदेश यात्रा टालने या कार पूलिंग की अपील की थी मैं देश के हर नागरिक का आभारी हूं कि मेरी अपील का उन्होंने न सिर्फ समर्थन किया बल्कि उसमें सहयोग कर रहे हैं.

कई परिवारों ने तय किया है कि घर के विवाह में सोना नहीं खरीदेंगे. जरूरत हुई तो वे पुराने सोने को ही रिसाइकल करेंगे. कई लोगों ने कार पूलिंग के अनुभव भी साझा किए हैं. मुझे इस बात की खुशी है कि हम भारतीय इस संकट से मिलकर मुकाबला कर रहे हैं.'

**असमः हरगिला आर्मी ने पुरानी सोच बदली**

पीएम मोदी ने कहा कि असम में एक पक्षी पाया जाता है। उसका नाम हरगिला है। हरगिला एक दुर्लभ पक्षी है। ये प्रकृति को स्वच्छ रखने में अहम भूमिका निभाता है। लेकिन असम के कुछ इलाकों में लंबे समय तक इसे अशुभ माना जाता था।

लोग इसे अपने आसपास देखना पसंद नहीं करते थे। कई बार उन पेड़ों को भी काट दिया जाता था जिन पर हरगिला के घोसले बने होते थे। इसी दौरान जीव-वैज्ञानिक पूर्णिमा देवी बर्मन ने ये सब देखा। उन्होंने लोगों के मन में बैठी गलत धारणा को बदलने का संकल्प लिया।



उन्होंने महिलाओं से बात की, लोगों को विज्ञान के आधार पर समझाया। धीरे-धीरे महिलाएं इस अभियान से जुड़ने लगीं। फिर एक बड़ा बदलाव शुरू हुआ। जिस पक्षी को कभी अशुभ मानकर भगाया जाता था, वही गांवों की पहचान बनने लगा।

हजारों ग्रामीण महिलाएं हरगिला को बचाने के लिए आगे आईं। आज उन्हें 'हरगिला आर्मी' के नाम से जाना जाता है। इन महिलाओं ने समाज को समझाने के लिए दिन-रात काम किया और अंधविश्वास को पीछे छोड़ करके रहे। उन्होंने दिखाया है कि जब सही जानकारी पहुंचाई जाती है, तो वर्षों पुरानी सोच भी बदल सकती है।

**मेघालयः रूट ब्रिज की कहानी**

पीएम मोदी ने मेघालय के रूट ब्रिज का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि ये ब्रिज कुछ दिनों या कुछ सालों में नहीं बनते। इन्हें तैयार होने में कई दशक लगते हैं। रबर के पेड़ों की जड़ों को धीरे-धीरे दिशा दी जाती है। इन जड़ों को जल-धाराओं के पार ले जाया जाता है। समय के साथ वही जड़ें एक मजबूत ब्रिज का रूप ले लेती हैं।

ये जीवित ब्रिज हैं। समय बीतने के साथ और मजबूत हो जाते हैं। ये ब्रिज बताते हैं कि मनुष्य प्रकृति के साथ मिलकर कितनी अद्भुत चीजें बना सकता है। ये हमारे देश की, इस धरती की, धरोहर है। अब भारत ने मेघालय के रूट ब्रिजों को UNESCO वर्ल्ड हेरिटेज साइट नेटवर्क में शामिल कराने के लिए आवेदन किया है।

**नगालैंडः बेबी फुटबॉल और फुटसल लीग**

पीएम मोदी ने कहा कि नगालैंड में दो ऐसी लीग होती हैं जो सबको इंस्पायर कर सकती हैं। इनमें से एक का नाम है नगालैंड बेबी लीग। यह 5 से 12 वर्ष के छोटे-छोटे बच्चों की असाधारण लीग होती है। इनमें लड़के और लड़कियां दोनों खेलती हैं। यह उनकी रफ्तार और प्रतिभा को प्रेरित करती है। यह लीग 3 वर्ष पूरे कर चुकी है।

**नगालैंड विमेन फुटसल लीगः** फुटसल को आम भाषा में इंडोर फुटबॉल कहा जाता है। इसमें 5 खिलाड़ी होते हैं। यह सामान्य से छोटा मैदान होता है। तेजी से फैसले लेने होते हैं। इस तरह खेल से पर्सनॉलिटी भी डेवलप होती है।

## एसओजी ने डमी कैंडिडेट को किया अरेस्ट: 1 लाख रुपए में सौदा कर दी थी एग्जाम, 10 हजार रुपए का रखा हुआ था इनाम



**जयपुर कासं।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने सेकंड ग्रेड टीचर भर्ती परीक्षा के फरार डमी कैंडिडेट को अरेस्ट किया है। एसओजी की ओर से फरार आरोपी पर 10 हजार रुपए का इनाम रखा हुआ था। उसने एक लाख रुपए में सौदा तय कर मेन कैंडिडेट की जगह एग्जाम देकर पास करवाया था। एसओजी की ओर से फिलहाल गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

एडीजी (एसओजी) विशाल बंसल ने बताया- एसओजी की ओर से आरोपी चन्द्रभान यादव (26) पुत्र पुरण मल यादव निवासी अजीतगढ़ सीकर को अरेस्ट किया गया है। एसओजी की ओर से गिरफ्तार आरोपी पर 10 हजार रुपए का इनाम रखा हुआ था। एसओजी ने शनिवार रात सीकर में दबिश देकर उसे पकड़ा है। वह वर्तमान में राष्ट्रीय आयुर्वेदिक संस्थान जयपुर में बीएएमएस फर्स्ट ईयर का स्टूडेंट है।

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर वरिष्ठ अध्यापक (माध्यमिक परीक्षा) सेकंड ग्रेड परीक्षा- 2022 आयोजित की गई थी। एसओजी की जांच में आया कि सपोटरा करौली निवासी अनिल कुमार मीणा ने विज्ञान व सामान्य ज्ञान और शैक्षणिक विज्ञान विषय की परीक्षा में खुद की जगह डमी कैंडिडेट बैठकर पास की थी। भरतपुर के सेवर में एग्जाम सेंटर पर अनिल कुमार मीणा की जगह डमी कैंडिडेट चन्द्रभान यादव बैठा था। डमी कैंडिडेट बैठाकर सेकंड ग्रेड सीनियर टीचर के पद पर चयनित हो गया। एसओजी की ओर से मेन कैंडिडेट अनिल कुमार मीणा को अरेस्ट किया गया। एसओजी की ओर से डमी कैंडिडेट चन्द्रभान यादव की तलाश की गई। एसओजी के पकड़ नहीं आने पर 10 हजार रुपए का इनाम रखा गया। एसओजी की टीम ने सीकर में दबिश देकर आरोपी चन्द्रभान को शनिवार रात धर-दबोचा। एसओजी जांच में सामने आया है कि मेन कैंडिडेट अनिल कुमार मीणा की जगह एग्जाम देने के एवज में 1 लाख रुपए में सौदा तय किया गया था।

## ट्रम्प बोले- ईरान नहीं सुधरा तो उसका अस्तित्व नहीं बचेगा

### अमेरिका ने ईरान के 10 सैन्य ठिकानों पर हमले किए; ईरान का बहरीन-कुवैत पर अटैक




**नई दिल्ली एजेन्सी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अगर ईरान नहीं सुधरा तो उसका अस्तित्व नहीं बचेगा। ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर उन्होंने कहा,

लगता है ईरान कभी नहीं सुधरेगा, लेकिन हम और संयम नहीं बरत पाएंगे। एक समय ऐसा भी आ सकता है जब हमें उस सैन्य अभियान को पूरा करना पड़ेगा, जिसकी शुरुआत हमने बहुत सफल तरीके से की थी। अगर ऐसा हुआ तो ईरान का अस्तित्व ही नहीं बचेगा।

वहीं, अमेरिकी सेंट्रल कमांड (CENTCOM) के मुताबिक नौसेना ने ईरान के 10 सैन्य ठिकानों पर हमला किया। ष्टश्वहृञ्ज-ष्टह्र के मुताबिक ये हमले होर्मुज स्ट्रेट के पास ईरानी ठिकानों पर किए गए। यह कार्रवाई 'एम/टी किकु' नाम के तेल टैंकर पर हुए ईरानी ड्रोन हमले के जवाब में की गई है।

दूसरी ओर, ईरान की इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) ने दावा किया कि उसने कुवैत के अली अल सलेम एयर बेस और बहरीन में अमेरिकी नौसेना के फिफ्थ फ्लीट बेस पर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया।

**पाकिस्तान और बहरीन के विदेश मंत्रियों ने क्षेत्रीय तनाव पर बात की**

पाकिस्तान के विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार ने बहरीन के विदेश मंत्री अब्दुललतीफ बिन राशिद अल जयानी से फोन पर बातचीत की।

इशाक डार ने कहा कि 18 जून को अमेरिका और ईरान के मेमोरेंडम (स्श्व) के बाद भी मिडिल ईस्ट की स्थिति लगातार बदल रही है और तनाव बना हुआ है।

बातचीत के दौरान इशाक डाल ने कहा कि पाकिस्तान क्षेत्र और दुनिया में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए बातचीत और कूटनीति का समर्थन करता रहेगा।

**कुवैत बोला- दो बैलिस्टिक मिसाइलें हवा में ही मार गिराई**

कुवैत की सेना ने कहा है कि शनिवार को उसके हवाई क्षेत्र में दाखिल हुई दो बैलिस्टिक मिसाइलों को बीच रास्ते में ही रोककर नष्ट कर दिया गया।

सेना के बयान के मुताबिक, मिसाइलों को तय सैन्य प्रक्रिया के तहत इंटरसेप्ट किया गया। इस घटना में न तो किसी तरह का नुकसान हुआ और न ही किसी के हताहत होने की खबर है।

**ईरान बोला- अमेरिकी ठिकानों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा**

ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) ने कहा कि आने वाले दिनों में क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा।

IRGC ने बयान में कहा कि अमेरिका का सीरिक शहर पर किया गया हमला होर्मुज स्ट्रेट पर ईरान के नियंत्रण को कमजोर नहीं कर सकता। नियमों का उल्लंघन करने वाले जहाजों पर की गई कार्रवाई बाकी जहाजों के लिए साफ संदेश है कि उन्हें तय मार्ग का पालन करना होगा।

### ईरान-इराक के विदेश मंत्रियों ने मुलाकात की



ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने इराक की राजधानी बगदाद में इराकी विदेश मंत्री फुआद हुसैन से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने बैठक के बाद संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की।

अल जजीरा के मुताबिक, दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय हालात और द्विपक्षीय संबंधों समेत कई मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में अयातुल्ला अली खामेनेई के अंतिम संस्कार से जुड़े कार्यक्रमों के लिए इराक के धार्मिक स्थलों पर आपसी समन्वय पर भी बातचीत हुई।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में फुआद हुसैन ने कहा, 'क्षेत्र में युद्ध अभी भी दूसरे रूप में जारी है और होर्मुज स्ट्रेट के आसपास सैन्य झड़पें हो रही हैं। '

## सिया-चेतन के सामने केतन मर्डर का सीन रीक्रिएट किया गया

### पुलिस दोनों को लोहगढ़ किले ले गई, दीवार से डमी गिराकर देखा




**पुणे एजेन्सी।** पुणे मर्डर केस में पुलिस ने रविवार को केतन को लोहगढ़ किले से गिराने का सीन रीक्रिएट किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक इसके लिए पुलिस सुबह 6.30 बजे दोनों आरोपी सिया गोयल और चेतन चौधरी को लोहगढ़ किले लेकर पहुंची। टीम करीब 2.30 घंटे किले पर रही।

**डीएसपी गजानन टोंपे ने कहा...**

आज सुबह हम सिया गोयल को घटनास्थल पर लेकर आए। उसके बताए अनुसार पूरे घटनाक्रम का सीन रीक्रिएशन किया। इसके लिए केतन के समान वजन का एक डमी तैयार किया गया, ताकि घटना को उसी तरह दोहराकर जांच की जा सके।

इस बीच केस में पुलिस ने नया खुलासा किया कि सिया गोयल और उसके प्रेमी चेतन चौधरी ने गूगल पर लोहगढ़ किले के डेथ पॉइंट सर्च किए थे। वहां तक पहुंचने का रास्ता और खाइयों की भी जानकारी जुटाई थी।

पुलिस ने कहा- दोनों ने गूगल पर 'डेथ पॉइंट और जहर देकर कैसे मारें, ताकि पुलिस को शक न हो' जैसे सवाल सर्च किए। पकड़े जाने पर पुलिस के सवालों के क्या जवाब देने हैं, यह भी खोजा। कौन-कौन से वॉट्सएप मैसेज डिलीट करना है, यह भी सर्च किया था।

पुलिस ने बताया कि चेतन ने अपनी पहचान छिपाने के लिए मर्डर के दिन अपना मोबाइल एक दुकान पर छोड़ दिया था। इसके बाद उसने दूसरे मोबाइल का इस्तेमाल किया। पुलिस डिलीट किए गए वॉट्सएप मैसेज की भी फोरेंसिक जांच करा रही है।

**केतन की मां बोलीं- सिया और चेतन को फांसी की सजा मिले**

शनिवार शाम केतन अग्रवाल को श्रद्धांजलि देने के लिए पिंपरी-चिंचवाड़ में परिवार और सोसाइटी के लोगों ने कैंडल मार्च निकाला। उन्होंने आरोपियों को कड़ी सजा देने की मांग की।

केतन के पिता विशाल अग्रवाल ने कहा, 'मेरा 26 साल का बेटा बिना किसी गलती के मारा गया। मैं उसकी शादी कराने निकला था, लेकिन बेटे की अर्थी उठानी पड़ी। मेरी सिर्फ एक मांग है कि दोषियों को फांसी की सजा मिले।'

केतन की मां राखी अग्रवाल ने कहा, 'मैं एक मां हूं और सिया की भी मां है। इसके बावजूद मैं चाहती हूं कि सिया और चेतन, दोनों को फांसी की सजा मिले। मुझे सिर्फ अपने बेटे के लिए न्याय चाहिए।'

## राममंदिर चढ़ावा चोरी-8 आरोपियों के घर पुलिस की एकसाथ छापेमारी

### टिन्नू के घर अलमारी-बक्से खंगाले; इंद्रेश बोले- दोषियों को नहीं बख्शेंगे




**अयोध्या एजेन्सी।** राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में जेल में बंद 8 आरोपियों के घर रविवार सुबह 7 बजे पुलिस ने छापेमारी की। पुलिस की 8 टीमों ने एक साथ, एक ही वक्त पर आरोपियों के घर पर दबिश दी। इस दौरान 3 आरोपियों के घर पर ताला लगा था। पुलिस ने पड़ोसियों से सवाल-जवाब किए।

छापेमारी के दौरान चंपत राय के करीबी रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू के घर पर ताला लगा मिला। कुछ देर बाद टिन्नू की मां मौके पर पहुंचीं और ताला खोला। पुलिस ने अंदर जांच पड़ताल की। पुलिस टिन्नू के घर से थोड़ी दूरी पर भतीजे आरोपी मनीष यादव के घर पहुंची तो वहां भी ताला लगा था। वहीं, आरोपी सुभाष चंद्र श्रीवास्तव के घर पर भी ताला लगा मिला।

आरोपी अनुकल्प मिश्रा के घर पर भी छापेमारी हुई। खरीदी गई संपत्तियों के दस्तावेज और बैंक अकाउंट डिटेल खंगाले गए। परिजनों के बयान दर्ज किए गए। छापेमारी में राजस्व अधिकारियों खासकर लेखपालों को शामिल किया गया।

पुलिस ने दोपहर 3 बजे तक करीब 8 घंटे जांच की। इस दौरान राम मंदिर से जुड़ने के बाद आरोपियों के लाइफ स्टाइल में आए बदलाव को लेकर पड़ताल की गई। क्या-क्या मिला है, इसकी जानकारी नहीं दी गई।

**RSS की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य इंद्रेश कुमार ने कहा-**

SIT मामले की जांच कर रही है। दोषी बख्शे नहीं जाएंगे। अयोध्या का राम राज्य ऐसा है कि अपराधियों को कभी माफ नहीं किया जाता। उन्हें सजा दी जाती है। जल्दबाजी करने या राजनीतिक रंग देने की कोई जरूरत नहीं है।

## 11-12 साल के 3-बच्चों ने काटा था दोस्त का सिर : जयपुर में पार्टी के बहाने बुलाकर हत्या की; बहन के लिए गलत बोलने से नाराज थे

**जयपुर कासं।** जयपुर में 10 साल के बच्चे की हत्या के मामले का पुलिस ने रविवार को खुलासा कर दिया है। हत्या करने वाले 3 दोस्तों को पकड़ा गया है, जिनकी उम्र महज 11 और 12 साल है। बहन के लिए गलत बोलने के कारण आरोपी नाराज थे।

बदला लेने के लिए आरोपियों ने हत्या का प्लान बनाया। उन्होंने पार्टी के बहाने लड़के को बुलाया और गला घोंटकर हत्या कर दी। फिर चाकू से सिर को धड़ से अलग कर दिया। इसके बाद सिर और धड़ को अलग-अलग जगह फेंककर घर लौट गए।

11 और 12 साल के 3 नाबालिग लड़कों को पकड़ा ष्ठष्टक्क (साउथ) राजर्षि राज वर्मा ने बताया- मुहाना थाना इलाके में 14 जून से लापता अजमत (10) की 25 जून को सिर कटी लाश मिली थी। शव की हालत इतनी खराब थी कि चेहरा पहचानना मुश्किल था। परिजनों ने कपड़ों से पहचान की थी। वह मूल रूप से बिहार के दरभंगा का रहने वाला था।

उन्होंने बताया- पुलिस ने मामले में तीनों नाबालिग लड़कों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो सगे भाई और एक उनकी मौसी का लड़का है। 2 आरोपियों की उम्र 11 साल और एक आरोपी की उम्र 12 साल है। आरोपी लड़के अजमत की ही कॉलोनी में रहते हैं। पड़ोसी होने के कारण उनमें दोस्ती थी।



बहन के लिए गलत कहने पर हत्या की डीसीपी राजर्षि राज वर्मा ने बताया- आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि अजमत ने उनकी बहन के लिए कुछ गलत कह दिया था, इस बात पर 1 महीने पहले झगड़ा हो गया था। इस बात से नाराज होकर उन्होंने अजमत की हत्या का प्लान बनाया। 14 जून को प्लानिंग के तहत तीनों ने पार्टी के बहाने अजमत को बुलाया।

इसके बाद कुरकुरे और कोल्ड ड्रिंक लेकर नाले की तरफ चले गए। यहां नाले के आगे खुले में बैठकर पार्टी करने की बात कही। चारों ने पहले नाले में बैठकर पार्टी की। इसके बाद तीनों ने अजमत के पैर पकड़कर खींचे तो वह मुंह के बल गिर गया।

चाकू से सिर काटा, फिर अलग-अलग जगह फेंके आरोपियों ने बताया- उन्होंने दुपट्टे से गला घोंटकर अजमत को मार डाला। वह अपने साथ धारदार चाकू लेकर गए थे, जिससे अजमत का सिर काटकर धड़ से अलग कर दिया। इसके बाद धड़ और सिर को अलग-अलग जगह फेंक दिया और अपने घर लौट गए।

बीकानेर हार्ट एंड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं किशनी देवी पुनम चन्द मेमोरियल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मेगा निःशुल्क स्वास्थ्य एवं हृदय जांच शिविर बना जनसेवा का प्रेरणादायी उदाहरण

# 450 से अधिक मरीजों ने प्राप्त किया विशेषज्ञ चिकित्सकों का निःशुल्क परामर्श, स्वास्थ्य जांच एवं दवाइयों का लाभ



**बीकानेर, (खबर आस पास)।** किशनी देवी पुनम चन्द मेमोरियल ट्रस्ट, बीकानेर तथा बीकानेर हार्ट एंड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में रविवार, 28 जून 2026 को डॉ. जयकिशन सुथार निवास, शिव धर्म कांटा के पीछे, नई सब्जी मंडी के पास, पूगल रोड, बीकानेर में एक विशाल निःशुल्क हार्ट एवं सुपर स्पेशलिटी परामर्श, सम्पूर्ण स्वास्थ्य एवं हृदय जांच शिविर का सफल एवं ऐतिहासिक आयोजन किया गया। पूरे आयोजन के दौरान 450 से अधिक मरीजों ने विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों से निःशुल्क परामर्श प्राप्त किया तथा आधुनिक जांच सुविधाओं का लाभ उठाया। 'स्वस्थ नागरिक ही स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र की आधारशिला है' इसी विचार को जन-जन तक पहुँचाने एवं समाज को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने के उद्देश्य से ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री शिव दयाल सुथार ने बताया कि यह शिविर केवल एक स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी पहल सिद्ध हुआ। बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से आए नागरिकों ने इस आयोजन में भाग लेकर अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों से आवश्यक परामर्श प्राप्त किया। स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में एक सार्थक प्रयास वर्तमान समय में बदलती जीवनशैली, अनियमित खान-पान, मानसिक तनाव, शारीरिक श्रम की कमी एवं बढ़ते प्रदूषण के कारण हृदय रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा, पाचन संबंधी रोग, अस्थमा, जोड़ों का दर्द एवं अन्य गंभीर बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। समय पर जांच एवं विशेषज्ञ चिकित्सकीय सलाह के अभाव में अनेक लोग इन रोगों का पता गंभीर अवस्था में लगा पाते हैं। इसी सामाजिक आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए ट्रस्ट एवं अस्पताल प्रबंधन ने यह मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया, ताकि आमजन को विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं उनके घर के निकट ही निःशुल्क उपलब्ध हो सकें तथा लोगों में समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने की जागरूकता विकसित हो।

कार्यक्रम का कुशल एवं प्रभावशाली मंच संचालन वरिष्ठ उद्घोषक श्री ज्योति प्रकाश रांगा जी ने किया। अपनी ओजस्वी वाणी, सशक्त अभिव्यक्ति एवं व्यवस्थित संचालन शैली से उन्होंने कार्यक्रम को गरिमामय स्वरूप प्रदान किया। उनके उत्कृष्ट मंच संचालन ने पूरे आयोजन को अनुशासित, प्रेरणादायी एवं अत्यंत सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिसकी उपस्थित अतिथियों एवं नागरिकों ने भी सराहना की।

उच्च स्तरीय निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं ,शिविर में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के साथ निम्न जांच एवं सेवाएं पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं–सीबीसी (CBC), एचबीए1सी (HbAvc), लिपिड प्रोफाइल, ईसीजी (ECG), रक्तचाप परीक्षण, बीएमआई (BMI) मूल्यांकन,विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क परामर्श,आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवा वितरण इन सभी सेवाओं का लाभ बड़ी संख्या में मरीजों ने उठाया तथा अनेक लोगों में प्रारम्भिक अवस्था में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की पहचान कर उन्हें समय पर उपचार हेतु आवश्यक सलाह दी गई।

गरिमामयी उपस्थिति से बढ़ी आयोजन की शोभा शिविर का शुभारम्भ गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ।

मुख्य अतिथि के रूप में श्री रामगोपाल जी सुथार, राज्य मंत्री, श्री विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड, राजस्थान सरकार, जयपुर उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री श्याम सुंदर लदरेचा (डबल एडीजी, राजस्थान हाई कोर्ट, जोधपुर), श्री विजय कोचर एवं वंदे मातरम् टीम, श्री भंवर लाल जांगिड़ (प्रदेश महामंत्री, ओबीसी मोर्चा, राजस्थान), श्री टेकचंद जी बरडिया, श्री घीसू सिंह जी राजपुरोहित (विभाग संघ चालक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, बीकानेर विभाग), श्रवण जाट चाडी, श्री लक्ष्मी नारायण व्यास (नगर संघ चालक एवं विद्यार्थी कार्य प्रमुख), श्री महावीर प्रसाद जी(प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र, बीकानेर), श्री विजय आचार्य (पूर्व जिला अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी) तथा श्री दीपक पारीक सहित अनेक सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक क्षेत्र की प्रतिष्ठित हस्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए इस जनहितकारी पहल की सराहना की।

विशेषज्ञ चिकित्सकों की अनुभवी टीम रही उपलब्ध शिविर में विभिन्न सुपर स्पेशलिटी विभागों के अनुभवी चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं–

डॉ. जयकिशन सुथार - हृदय एवं हार्ट सर्जरी विशेषज्ञ, डॉ. सुरेंद्र पुनिया - कार्डियोलॉजिस्ट,

डॉ. अमिताभ सुथार - ऑर्थोपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट विशेषज्ञ,डॉ. अनिल खत्री - गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट

डॉ. मीनाक्षी पुरोहित - बाल रोग विशेषज्ञ, डॉ. कुशल तंवर - कैंसर रोग विशेषज्ञ

डॉ. लक्ष्मी स्वामी - वरिष्ठ फिजिशियन, डॉ. सुशीला चौधरी - स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ

डॉ. राजकुमार कल्ला - दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ, डॉ. गिरीश तंवर - दर्द एवं पेन मैनेजमेंट विशेषज्ञ

डॉ. निधि गोड़ - न्यूट्रिशन एवं डाइट विशेषज्ञ,डॉ. सागर पंचारिया - फिजियोथेरेपिस्ट, हेल्थ कोच डॉ. रोहित पांडे एवं उनकी टीम, विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों को न केवल उपचार संबंधी सलाह दी, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम एवं समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने के लिए भी प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. तनवीर मलावत (जनरल सर्जन) ने विशिष्ट अतिथि के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराते हुए आयोजन की सराहना की एवं स्वास्थ्य जागरूकता के ऐसे जनहितकारी प्रयासों को समाज के लिए अत्यंत आवश्यक बताया।

सामाजिक संस्थाओं का उल्लेखनीय सहयोग इस मेगा स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाने में अनेक सामाजिक एवं सेवा संस्थाओं ने महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिनमें–

एएसजी आई हॉस्पिटल, बीकानेर, श्री विश्वकर्मा सुथार समाज सामूहिक विवाह समिति

श्री बीकानेर विश्वकर्मा सेवा संघ संस्थान,श्री विश्वकर्मा सूत्रधार संपत्ति ट्रस्ट

सुथार समाज अन्न क्षेत्र समिति, श्रीकोलायत ,श्री विश्वकर्मा सुथार एकता फोर्स का विशेष सहयोग सराहनीय रहा। जनसहयोग से सफल हुआ आयोजन शिविर के सफल आयोजन में बीकानेर हार्ट एंड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के समस्त चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल टीम, प्रशासनिक अधिकारियों, युवा स्वयंसेवकों एवं क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों का सक्रिय सहयोग रहा। सभी ने पूरी निष्ठा एवं सेवा भावना के साथ मरीजों की सुविधा, पंजीकरण, जांच एवं उपचार व्यवस्था को सुव्यवस्थित रूप से संचालित किया। भविष्य में भी जारी रहेगा जनसेवा का अभियान शिविर में प्राप्त अभूतपूर्व जनसमर्थन एवं मरीजों की संतुष्टि को देखते हु;;;;;ए ट्रस्ट एवं अस्पताल प्रबंधन ने घोषणा की कि भविष्य में भी इसी प्रकार के विशाल निःशुल्क मल्टी सुपर स्पेशलिटी स्वास्थ्य शिविरों का नियमित आयोजन किया जाएगा, ताकि समाज के प्रत्येक वर्ग तक आधुनिक एवं विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ हो सकें।

अस्पताल प्रबंधन ने सभी सहयोगी संस्थाओं, चिकित्सकों, अतिथियों, स्वयंसेवकों एवं क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास दिलाया कि बीकानेर हार्ट एंड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल भविष्य में भी जनसेवा, उत्कृष्ट चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जागरूकता के अपने संकल्प को पूर्ण समर्पण के साथ आगे बढ़ाता रहेगा।

# बीकानेर रेंज पुलिस की सर्जिकल स्ट्राइक, 4 महीनों में रिकॉर्ड तोड़ कार्रवाई

**बीकानेर (खबर आस पास)।** आईजी ओमप्रकाश के निर्देशन में बीकानेर रेंज में अपराधियों और तस्करों पर लगातार ताबड़तोड़ कार्रवाई, बॉर्डर से शहर तक पुलिस का एक्शन जारी, पिछले 4 महीनों में रेंज पुलिस ने 70 किलो से अधिक हेरोइन की बरामदगी कर बनाया नया रिकॉर्ड, जिसमे कल श्रीगंगानगर पुलिस ने 10 किलो हेरोइन जब्त शामिल, 2025 के पूरे वर्ष की तुलना में महज 4 महीनों में कई गुना बड़ी कार्रवाई, 32 बड़े तस्करों को गिरफ्तार कर ड्रग नेटवर्क पर कसा शिकंजा, सर्बिया, चीन समेत विदेशी हथियारों की बड़ी खेप जब्त, बरामदगी का आंकड़ा दोगुना, 2025 में 16 के मुकाबले इस बार केवल 4 महीनों में 60 गैंगस्टर और गैंग नेटवर्क पर कार्रवाई, श्रीगंगानगर में 3 और चूरू में 1 पुलिस ने किए एनकाउंटर, इनामी बदमाशों की गिरफ्तारी का आंकड़ा भी पिछले वर्ष से दोगुना, हेरोइन तस्करों के बैंक खातों को फ्रीज करने की नई रणनीति पर काम, अपराधियों की अवैध संपत्तियों और कब्जों पर भी लगातार कार्रवाई, बॉर्डर पार से ड्रोन ड्रॉपिंग और क्रॉस बॉर्डर तस्करी पर विशेष निगरानी, Zee media से खास बातचीत में आईजी ओमप्रकाश बोले-नशे के खिलाफ यह अभियान लगातार और अधिक सख्ती से जारी रहेगा, तस्करों की सिर्फ गिरफ्तारी ही नहीं, बल्कि उनकी आर्थिक कमर भी तोड़ी जाएगी,हेरोइन तस्करी से जुड़े प्रत्येक आरोपी के बैंक खातों की जांच कर उन्हें फ्रीज किया जा रहा, अवैध संपत्तियों पर कार्रवाई होगी और ड्रग्स के पूरे फाइनेंशियल नेटवर्क को ध्वस्त किया जा रहा,पुलिस का लक्ष्य सिर्फ तस्कर पकड़ना नहीं, बल्कि नशे की पूरी सप्लाई चेन को खत्म करना है।

# बॉक्स क्रिकेट चैम्पियनशिप का आगाज, दो टीमें पहुंची अगले राउंड में





**बीकानेर (खबर आस पास)।** स्व घनश्याम बिस्सा चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से बॉक्स क्रिकेट चैम्पियनशिप का शुभारंभ किशन गार्डन में हुआ। आयोजक हर्षित बिस्सा ने बताया कि मैच के उद्घाटन बतौर अतिथि भाजपा उपाध्यक्ष दीपक पारीक, रामजी व्यास,भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेशाध्यक्ष मोहन सुराणा और डॉ अनिकेत शर्मा ने बॉल खेलकर किया। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि खेल जीवन में अनुशासन की सीख देता है और ऐसे टूर्नामेंट ओर यादगार हो जाते है,जब स्वयं एक खिलाड़ी की स्मृति में किया जाता हो। आयोजक बिस्सा ने बताया कि प्रथम दिन चार मैच खेले गए। पहला मैच विकेट वॉरियर और गेम चेंजर की बीच हुआ। जिसमें विकेट वॉरियर्स ने 23 रन से जीत हासिल की। पहले खेलते हुए विकेट वॉरियर्स ने आठ ओवर में 81 रन बनाएं। इस मैच के मैन ऑफ द मैच मोहित व्यास रहे। दूसरा मैच टर्फ मास्टर्स और बीकानेर रॉयल्स के बीच खेला गया। इस मैच को बीकानेर रॉयल्स आठ रनों से जीत दर्ज की। इस मैच के मैन ऑफ द मैच विधुर रहे। तीसरे मैच में धुंरधर का मुकाबला बनिया सुपर से हुआ। इस मैच में भी पहले खेलने वाली टीम धुंरधर जीती, जिसने 12 रनों से मुकाबले को अपने नाम किया। मैन ऑफ द मैच का खिताब मो सलमान को दिया गया। अंतिम मैच विकेट वारियर्स और बीकानेर रॉयल्स के मध्य खेला गया, जिसमें बीकानेर रॉयल्स ने पांच विकेट से जीत हासिल की। इस मैच के मैन ऑफ द मैच अरिहंत आंचलिया रहे। सभी मैचों में अम्पायर की भूमिका सुनील आचार्य और शशांक बोहरा ने निभाई। मैच की कॉमेन्ट्री देवेन्द्र पुरोहित ने की। आठ-आठ ओवर के मैचों की इस प्रतियोगिता में 16 टीमें भाग्य अजमा रही है। विजेता टीम को 11 हजार और उप विजेता टीम को 51 सौ रूपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैच, प्लेयर ऑफ द मैच,बेस्ट बॉलर, बेस्ट रन बनाने वाले को भी पुरस्कार से नवाजा जाएगा।

# पांच साल तक के बच्चों ने गटकी दो बूंद ज़िंदगी की रोटरी क्लब ऑफ बीकानेर रॉयल्स के सहयोग से पल्स पोलियो अभियान शुरू




**बीकानेर (खबर आस पास)।** रोटरी क्लब ऑफ बीकानेर रॉयल्स के सहयोग से राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ 28 जून की सुबह राजकीय फोर्ट डिस्पेंसरी, जूनागढ़ के पास में उत्साह एवं जनसहभागिता के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुरुषोत्तम साध थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पोलियो उन्मूलन में जनसहभागिता की महत्वपूर्ण भूमिका है तथा प्रत्येक परिवार का दायित्व है कि पांच वर्ष से कम आयु के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की दो बूंदें अवश्य पिलवाई जाएं। उन्होंने रोटरी क्लब ऑफ बीकानेर रॉयल्स द्वारा अभियान में दिए जा रहे सहयोग की सराहना की। रोटरी क्लब ऑफ बीकानेर रॉयल्स की ओर से अध्यक्ष सुनील चमड़िया, सचिव विपिन लड्डा, कोषाध्यक्ष जगदीप सिंह ओबेराय, डॉ. शिशिर शर्मा, ऋषव जैन एवं अंकुश चमड़ियां ने कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाई। क्लब सदस्यों ने आमजन को जागरूक करते हुए पांच वर्ष से कम आयु के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की दवा पिलाने के लिए प्रेरित किया। रोटरी क्लब ऑफ बीकानेर रॉयल्स परिवार राजकीय फोर्ट डिस्पेंसरी के समस्त चिकित्सकों, नर्सिंग एवं स्वास्थ्यकर्मियों का इस अभियान के सफल आयोजन के लिए आभार व्यक्त करता है। विशेष रूप से प्रभारी डॉ. रेखा रस्तोगी के नेतृत्व, समन्वय का धन्यवाद एवं अभिनंदन करता है। कार्यक्रम का समापन 'दो बूंद ज़िंदगी की' के संदेश के साथ हुआ तथा सभी ने मिलकर पोलियो-मुक्त भारत के संकल्प को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया।

# पीबीएम हॉस्पिटल में मरीजों व परिजनों को वितरित किए गए जीरा, ऑरेंज व लीची ज्यूस



**बीकानेर (खबर आस पास)।** भीषण गर्मी के इस दौर में मानव सेवा का एक प्रेरणादायक उदाहरण उस समय देखने को मिला जब पीबीएम में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए राहत स्वरूप ठंडे पेय पदार्थों का वितरण किया गया। इस आयोजन का नेतृत्व पीयूष आचार्य ने किया, जबकि विनोद गुर्जर के मार्गदर्शन में यह सेवा अभियान चलाया। सेवा कार्य की शुरुआत प्रभु स्मरण के साथ हुई। दल ने अस्पताल परिसर में मरीजों और उनके साथ आए परिजनों को जीरा, ऑरेंज और लीची फ्लेवर की ठंडी-ठंडी जीरा सिप जूस की बोतलों का वितरण किया। गर्मी के मौसम में इस तरह की सेवा से अस्पताल में मौजूद लोगों को बड़ी राहत मिली। मरीजों के परिजनों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी सेवा न केवल शारीरिक राहत देती है, बल्कि मानसिक संबल भी प्रदान करती है। सेवा दल का कहना था कि उनका उद्देश्य केवल खाद्य सामग्री या पेय पदार्थ वितरित करना नहीं, बल्कि समाज में सेवा, सहयोग और मानवता की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा ही सच्ची ईश्वर भक्ति है और इसी सोच के साथ वे निरंतर समाजहित में कार्य कर रहे हैं। अभियान को सफल बनाने में किशन सोनी, मालचंद, रामकरण, रामस्वरूप, दिनेश, प्रह्लाद, अजय, नीरज और कुशाजरा सहित सभी साथियों ने तन-मन-धन से सहयोग प्रदान किया। आयोजकों ने बताया कि भविष्य में भी इसी प्रकार नियमित रूप से सेवा कार्य जारी रखे जाएंगे।

# वनपाल भर्ती परीक्षा; एक पद पर 1079 अभ्यर्थियों ने भाग्य आजमाया, 75% ने दी परीक्षा

**बीकानेर (खबर आस पास)।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से रविवार को आयोजित वनपाल भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। परीक्षा में इस बार नकल रोकने के लिए पहली बार एआई आधारित मेटा ग्लासेस जैसे स्मार्ट डिवाइस पर विशेष निगरानी रखी गई। बोर्ड के निर्देशानुसार चश्मा पहनकर आने वाले अभ्यर्थियों की दो चरणों में गहन जांच की गई,ताकि कोई भी अभ्यर्थी एआई युक्त स्मार्ट चश्मे का इस्तेमाल न कर सके। इस भर्ती में एक पद पर 1079 अभ्यर्थियों ने अपना भाग्य आजमाया। परीक्षा में 75 प्रतिशत के करीब उपस्थिति दर्ज की गई। इस दौरान परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा,पहचान सत्यापन और ड्रेस कोड का सख्ती से पालन कराया गया।

**एआई मेटा ग्लासेस पर रही विशेष निगरानी :** बोर्ड ने परीक्षा से पहले एआई आधारित मेटा ग्लासेस को स्मार्ट डिवाइस की श्रेणी में शामिल करते हुए सभी जिलों को विशेष निर्देश जारी किए थे। ये स्मार्ट चश्मा मोबाइल से कनेक्ट होकर रिकॉर्डिंग,लाइव स्ट्रीमिंग और एआई के माध्यम से सवालों के जवाब प्राप्त करने में सक्षम होता है। इसी कारण चश्मा पहनकर आने वाले अभ्यर्थियों की प्रवेश द्वार पर और परीक्षा कक्ष में दो बार जांच की गई।

**सख्त रही सुरक्षा व्यवस्था**

वहीं अभ्यर्थियों की पहचान के लिए बायोमैट्रिक अटेंडेंस इसके अलावा फेस रिकॉग्निशन भी किया गया ताकि कोई भी डमी कैंडिडेट परीक्षा में शामिल ना हो। इसके अलावा मुख्य द्वार पर पुलिस प्रशासन की ओर से फ्रिस्किंग के बाद वीक्षकों की ओर से ई-प्रवेश पत्र,मूल फोटो पहचान पत्र और आधार कार्ड सहित अन्य वैध दस्तावेजों की जांच की गई। परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल फोन, स्मार्टवॉच, ब्लूटूथ डिवाइस, कैल्क्युलेटर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर पूर्ण प्रतिबंध रहा।

# पलाना–जेंगला रोड स्थित तालाब में नहाने उतरे तीन भाई, दो डूबने लगे तो एक को बचाया, दूसरे की डूबने से मौत

## पलाना निवासी एक ही परिवार के तीन बच्चे रविवार को तालाब में नहाने गए थे

**बीकानेर (खबर आस पास)।** जिले में नहर,तालाब और डिग्गी में डूबने वालों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। पिछले एक माह की बात करें तो करीब आधा दर्जन लोगों की डिग्गी, नहर में डूबने से मौत हो गई है। ताजा मामला देशनोक थाना क्षेत्र का है। जहां दो नौनिहाल तालाब में डूब गए। इसमें से एक को बचा लिया गया है। जबकि दूसरे की तलाश जारी है। पलाना-जेंगला रोड स्थित तालाब में रविवार को नहाने गए तीन बच्चों में से एक मासूम की डूबने से मौत हो गई। तालाब में डूब रहे एक अन्य बच्चे को उसके सगे भाई ने सूझबूझ दिखाते हुए हाथ खींचकर बचा लिया लेकिन चचेरे भाई को नहीं बचाया जा सका। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद बच्चे के शव को तालाब से बाहर निकाला।

## गहराई में जाने से हुआ हादसा

पलाना निवासी एक ही परिवार के तीन बच्चे तालाब में नहाने गए थे। नहाते समय सहीराम (12 वर्ष) और प्रमोद (14 वर्ष) अचानक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। यह देख प्रमोद के सगे भाई नवीन ने तुरंत मुस्तैदी दिखाई और प्रमोद का हाथ खींचकर उसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया। तब तक उनका चचेरा भाई सहीराम गहरे पानी में डूब गया। हादसे से घबराए बच्चे तुरंत घर पहुंचे और परिजनों को घटना की जानकारी दी। बच्चे के डूबने की खबर सुनते ही परिवार और गांव में कोहराम मच गया। परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया,जिसके बाद प्रशासन हरकत में आया।

## 3 घंटे के रेस्क्यू के बाद निकाला शव

एसडीआरएफ के हेड कांस्टेबल लालचंद ने बताया कि उन्हें सुबह 11:45 बजे बीकानेर पुलिस कंट्रोल रूम से पलाना के तालाब में बच्चे के डूबने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम दोपहर 12:15 बजे घटनास्थल पर पहुंच गई। टीम के जवानों ने तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया और करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद 12 वर्षीय सहीराम के शव को पानी से बाहर निकाला।

## सीएचसी में रखवाया शव

देशनोक थाना पुलिस ने मृतक बच्चे सहीराम के शव को अपने कब्जे में लिया। पुलिस ने शव को देशनोक के राजकीय सामूहिक स्वास्थ्य केंद्र की मोर्चरी में रखवाया है,जहाँ आगामी कार्रवाई की जा रही है। इस हादसे के बाद से पूरे पलाना गांव में शोक की लहर छा गई है।

## एक माह में गई आधा दर्जन जान

बताया जा रहा है कि पिछले एक माह में जिले में अलग अलग थाना इलाकों में करीब आधा दर्जन लोगों की डूबने से मौत हो गई है। इसमें बुधवार को लूणकरणसर के कंवरसेन लिफ्ट नहर में भेड़ बचाने के चक्कर में नहर में कूदे एक भाई की मौत हो गई। वहीं 25 जून को डिग्गी में डूबने से कालू में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। उससे पहले 18 जून को कालू में ही पानी कूंड में डूबने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई।